**09.04.2025** **आकाशवाणी मध्यप्रदेश** **7.10PM**

**प्रादेशिक समाचार**

## मुख्य समाचार

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की उपयोजनाओं को दी स्वीकृति।
- प्रधानमंत्री नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल कहा, सरकार ज्ञान भारतम अभियान की करेगी शुरूआत।
- पोषण पखवाड़े के तहत प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन जारी, मुख्यमंत्री कुक्षी में हुए शामिल।
- प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी,20 जिलों में लू का आरेंज अलर्ट जारी।

अब समाचार विस्तार से–

## मंत्रिमंडल - निर्णय

**केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की उप-योजना के रूप में कमांड एरिया डेवलपमेंट और जल प्रबंधन के आधुनिकीकरण को स्वीकृति दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने निर्णयों के बारे में आज नई दिल्ली में बताया कि इसका आरंभिक परिव्यय एक हजार 600 करोड़ रुपये है। श्री वैष्णव ने कहा कि इससे किसानों को प्रति बूंद अधिक फसल प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। मंत्रिमंडल ने आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेल लाइन खंड के दोहरीकरण को स्वीकृति दे दी है। इस मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से करीब 400 गांवों के 14 लाख लोगों को लाभ होगा। सरकार ने पंजाब तथा हरियाणा के लिए छह लेन वाले ज़ीरकपुर बाईपास के निर्माण को भी स्वीकृति दी।**

**प्रधानमंत्री-नवकार**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में नवकार महामंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ा खतरा है जिसका एक मात्र उपाय समावेशी दिनचर्या है जिसका अनुपालन जैन समुदाय सदियों से करता आ रहा है। प्रधानमंत्री ने विदेशों से वापस लाई गई बीस से अधिक तीर्थंकरों की मूर्तियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत अपनी संस्कृति को विकसित कर रहा है। श्री मोदी ने कई महत्वपूर्ण साहित्यों के गुम हो जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ज्ञान भारतम अभियान की शुरूआत करेगी।**

**नवकार मुख्यमंत्री**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए नौ संकल्पों से निश्चित ही नई ऊर्जा के स्त्रोत बनेंगे। उन्होंने प्रदेशवासियों से नौ संकल्पों के पालन का आहवान किया है। इन संकल्पों में जल संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता का मिशन, वोकल फॉर लोकल, देश दर्शन, नैचुरल फार्मिंग, हेल्दी लाइफ स्टाइल, योग और खेल को जीवन में लाना और गरीबों की सहायता का संकल्प शामिल है।**

**जल गंगा संवर्धन**

**जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश में जलसंरक्षण के कार्यक्रम जारी है। जल संसाधन विभाग मंत्री तुलसी राम सिलावट ने आज 'जल गंगा संवर्धन' अभियान के अंतर्गत केरवा डैम के समीप श्रमदान किया। नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा के ग्राम गाजनपुर में स्थानीय नाले के ऊपर 50 बोरियों का बोरी बंधान बनाकर जल प्रवाह को नियंत्रित कर साफ-सफाई की गई.**

देवास, जिले में जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज अमृत संचय अभियान की टीम ने छात्र–छात्राओं को बारिश का पानी सहेजने और बूँद–बूँद पानी बचाने के लिए प्रेरित किया। खंडवा जिले में आज पंधाना के ग्राम राजगढ़ में चेक डैम की साफ सफाई की गई। नीमच जिले में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ने ग्राम जवासा में जल चौपाल आयोजित की गई।

**अमित शाह भोपाल**

**केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह 13 अप्रैल को भोपाल के रवीन्द्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन में शामिल होंगे। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री श्री शाह सहकारिता विभाग की समीक्षा भी करेंगे। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। उन्होंने आज कार्यक्रम स्थल का मुआयना कर वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।**

**पोषण पखवाड़ा**

**केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज धार जिले के कुक्षी में महिला स्व सहायता समूह सम्मेलन और पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर मुख्यमंत्री द्वारा समूह की महिलाओं से संवाद कर उन्हें सम्मानित किया गया और टोकन स्वरूप दो स्वयं सहायता समूह को 17 लाख रुपए की सीसीएल राशि के चेक भी प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने लाडली बहना, गोकुल ग्राम, सहित सरकार द्वारा किए जा रहे अनेक कार्यों की जानकारी दी । इस बीच प्रदेश में पोषण पखवाड़े के तहत विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आगर मालवा जिले में महिला एवं बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए पोषण पखवाड़े में प्रमुख विषयों पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। निवाड़ी में कल जीवन के प्रथम एक हजार दिवस की गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत पोषण थाली, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, वजन लंबाई एवं स्वास्थ्य जांच कराई गई।**

**प्रधानमंत्री - रामसहाय पांडेय**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री रामसहाय पांडेय के निधन पर दुख व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि अपनी अद्भुत कला, लगन और मेहनत से रामसहाय पांडेय ने बुंदेलखंड के लोकनृत्य - राई को अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका निधन देश के कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।**

## मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने नर्मदापुरम, धार, ग्वालियर सहित 20 जिलों में लू का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 8 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। इनमें इन्दौर, मंदसौर, सतना जिला शामिल है। प्रदेश में कल सर्वाधिक तापमान 43 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस गुना में दर्ज किया गया है।

**तेज गर्मी में मौसमी बिमारियों में भी वृद्धि हो रही है। भोपाल के जेपी अस्पताल के मेडिकल विशेषज्ञ डॉ योगेंद्र श्रीवास्तव ने बताया की गर्मी से बुजुर्ग और बच्चे ज्यादा प्रभावित होते हैं।**

## राष्ट्रीय राजमार्ग

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के उन्नयन की स्वीकृति और अन्य विकास कार्यों की बहुमूल्य सौगात प्रदान करने पर केंद्रीय राजमार्ग एवं सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार माना। उन्होंने कहा है कि राज्य में विकास की गति को और अधिक बढ़ाने के लिए रोड और हाईवे का विशाल नेटवर्क आकार ले रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन से क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना मध्यप्रदेश की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के साथ समृद्धि के नए द्वार खोलेगी।**

## समाचार संक्षेप में....

- झाबुआ जिले में आज शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय झाबुआ में विधिक साक्षरता ओर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
- रेल प्रशासन द्वारा संत्रागाछी अजमेर संत्रागाछी साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के अशोकनगर, गुना एवं रुठियाई स्टेशनों पर रूकेगी।
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री एवं भिंड जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आज जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक में अभियान को प्रतिनिधियों एवं जन भागीदारी के सहयोग से वृहद रूप में संचालित करने के निर्देश दिये।
- सीहोर में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाए देने के निर्देश दिए

- रीवा के प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस शासकीय आदर्श विज्ञान गणित विभाग में आज 'रिसर्च ऑब्जेक्टिव्स एवं डिजाइन' विषय पर एक दिवसीय संगोश्ठी का आयोजन किया गया

- खंडवा जिले में जिला अस्पताल एवं सामुदायिक व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत स्त्री रोग विशेषज्ञों ने गर्भवती महिलाओं की जाँच कर उपचार किया गया।